अतिमहत्वपूर्ण/वित्तीय स्वीकृति
संख्या:I/1483120/2026/E-2064326

प्रेषक,

राजेश्वरी प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
वाराणसी।

नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊ, दिनांक:01अक्टूबर, 2026

विषयः वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद वाराणसी में आयोजित होने वाले प्रान्तीयकृत मेला- देवदीपावली मेला के आयोजन हेतु बजट आवंटित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

विषयांकित प्रकरण संबंधी स्वकीय पत्र संख्या-238/आलोक/26-27 दिनाँक 01.09.2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद वाराणसी में आयोजित होने वाले प्रान्तीयकृत मेला- देवदीपावली मेला के आयोजन हेतु बजट आवंटित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद वाराणसी में आयोजित होने वाले प्रान्तीयकृत मेला- देवदीपावली मेला के आयोजन हेतु कुल धनराशि ₹161.95 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए, उक्त के सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि **₹161.95 लाख (रुपये एक करोड़ इकसठ लाख पंचानबे हजार मात्र)** अवमुक्त करते हुए श्री राज्यपाल महोदया आपके निवर्तन पर रखने एवं व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करती है:-

I. उक्त धनराशि वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निर्गत की जा रही है।

II. उक्त स्वीकृत धनराशि का मितव्ययतापूर्ण व्यय विवरण मय फोटोग्राफ उपयोगिता/उपभोग प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराते हुए यदि कोई धनराशि अवशेष रह जाती है, तो उसको तत्काल समर्पित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

III. उक्त धनराशि जिन मदों के लिये स्वीकृत की जा रही है, उन्हीं मदों में उसी सीमा तक व्यय की जायेगी। किसी भी मद में बिना शासन की अनुमति के व्यावर्तन नहीं किया जायेगा।

IV. शासन द्वारा समय-समय पर जारी मितव्ययता संबंधी शासनादेशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

V. स्वीकृत धनराशि का व्यय विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र कार्यालय, महालेखाकार, उ०प्र० प्रयागराज एवं शासन को समयान्तर्गत अवश्य उपलब्ध कराया जाय।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये **1,61,95,000 (रुपये एक करोड़ इकसठ लाख पंचानबे हजार मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 037 लेखा शीर्षक 2053000940500 स्थानीय निकायों के क्षेत्र में लगने वाले प्रान्तीकृत मेलों एवं प्रदर्शनियों हेतु व्यवस्था मानक मद 20 सहायता अनुदान- सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनाँक- 28-मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

Digitally signed by
RAJESHWARI PRASAD
Date: 01-10-2026 13:46:11

(राजेश्वरी प्रसाद)
संयुक्त सचिव।

संख्या:I/1483120/2026(1)/E-2064326, तद् दिनाँक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ०प्र०, प्रयागराज।
2. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम उ०प्र०, प्रयागराज।
3. कोषाधिकारी, जिला वाराणसी।
4. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उ०प्र० प्रयागराज।
5. वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-9/वित्त आय-व्ययक अनुभाग-1/21
6. सुपर वेब यूजर्स/कम्प्यूटर सेल, नगर विकास विभाग को एलाटमेंट/विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(राजेश्वरी प्रसाद)
संयुक्त सचिव।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2026-2027
आवंटन दिनांक-01/10/2026

प्रेषण संख्या:- 1483120
आवंटन आदेश संख्या:- 001-I-1483120-2026-010-E-2064326
अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2026-2027 का आवंटन)
लेखाशीर्षक:- 2053 - जिला प्रशासन(आयोजनेत्तर-मतदेय)

094 - अन्य स्थापनाएं
05 - स्थानीय निकायों के क्षेत्र में लगने वाले प्रान्तीकृत मेलों एवं प्रदर्शनियों हेतु व्यवस्था

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		20-सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन)	योग
1	वाराणसी-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	16195000 16195000	16195000 16195000
	योग	वर्तमान प्रगामी	16195000 16195000	16195000 16195000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया एक करोड़ इकसठ लाख पंचानवे हजार
महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया एक करोड़ इकसठ लाख पंचानवे हजार

(देवेश मिश्र)
संयुक्त सचिव